सदा सच्चाई की जीत है | By Tejaswa

सदियों से ये चला सिलसिला युगो युगो की रीत है
सदा सच्चाई की जीत है
जय श्री राम बोलो जय श्री राम
जय श्री राम बोलो जय श्री राम

रावण को श्री राम ने मारा
महाबली होकर भी हारा
भस्म करा ली सारी लंका
कुन्बा भी मिटवा लिया सारा
क्यूंकि उसने पाप किया और पाप किसी का ना मीत है
सदा सच्चाई की जीत है
सदियों से ये चला सिलसिला युगो युगो की रीत है
सदा सच्चाई की जीत है
जय श्री राम बोलो जय श्री राम
जय श्री राम बोलो जय श्री राम

अपराधी बन गया था बाली
भाई की छीनी अर्धांगिनी
निर्बल पर बल दिखाने वाला
करके गया धरा को खाली
नाश विनाश हुआ उसका जिसको भी पाप से प्रीत है
सदा सच्चाई की जीत है
सदियों से ये चला सिलसिला युगो युगो की रीत है
सदा सच्चाई की जीत है
जय श्री राम बोलो जय श्री राम
जय श्री राम बोलो जय श्री राम

जो भी करता काम बुरा
उसका निकले परिणाम बुरा
कहता मुन्नाबाज़ बुरे का
होता जग में नाम बुरा
जो करता अच्छे काम ज़माना गाता उसके गीत है
सदा सच्चाई की जीत है
सदियों से ये चला सिलसिला युगो युगो की रीत है
सदा सच्चाई की जीत है
जय श्री राम बोलो जय श्री राम
जय श्री राम बोलो जय श्री राम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%a4-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-tejaswa/